## कार्यालय नगर निगम देहरादून

(निविदा सूचना)

नगर निगम देहरादून द्वारा नवगठित 40 वार्डो में स्ट्रीट लाईट लगाने तथा मरम्मत कार्य हेतु स्टॉफ, लाईट एवं सीढ़ी आदि वार्ड में पहुंचाने एवं लाने के लिए 07 बोलेरो यू0टी0ली0टी0 2 सीटर लोडिंग बॉडी गाड़ी को किराये पर लगाने हेतु दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा के साथ रू0 1,00,000/– की एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 धरोहर के रूप में जो वरिष्ठ वित्त अधिकारी, नगर निगम देहरादून के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा फॉर्म रू0 1000+जी0एस0टी0 के नकद भुगतान पर नगर निगम देहरादून वाहन कार्यशाला से दिनांक 01.02.2020 से दिनांक 15.02.2020 तक सभी कार्य दिवसों में निविदा की शर्ते देखी जा सकती हैं व फॉर्म प्राप्त किये जा सकते हैं, निविदा दिनांक 17.2.2020 की अपरान्ह् 03:00 बजे तक मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी महोदय के कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में डाली जायेगी। जो उसी दिन 04:00 से 05:00 बजे के बीच खोली जायेगी। निविदादाता चाहें तो उपस्थित हो सकते हैं निविदा सूचना नगर निगम देहरादून के वेबसाईट www.nagarnigamdehradun.com पर तथा सूचना बोर्ड पर भी उपलब्ध रहेगा तथा प्रपत्र डाऊन लोड कर निर्धारित शुल्क व जी0एस0टी की धनराशि ड्राफ्ट के साथ भी आवेदन किया जा सकता है।

नगर आयुक्त
नगर निगम देहरादून

# कार्यालय नगर निगम, देहरादून।

(का0– 0135–2714074:फैक्स– 0135–2651060: ई–मेल– (nagarnigam.ddn@gmail.com)

पत्रांक: 1122(म)  दिनांक: 30/1/2020

**प्रतिलिपि:–**

1. सम्पादक, द पाईनियर, समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने समाचार पत्र के देहरादून संस्करण में आगामी अंक में 48sqcm में प्रकाशित करते हुए निर्धारित छूट के साथ बिल इस कार्यालय को प्रस्तुत करने का कष्ट करे।
2. सम्पादक, हिन्दुस्तान हिन्दी, समाचार पत्र. को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने समाचार पत्र के देहरादून संस्करण में आगामी अंक में 48sqcm में प्रकाशित करते हुए निर्धारित छूट के साथ बिल इस कार्यालय को प्रस्तुत करने का कष्ट करे।
3. श्री मनीष पन्त आई0 टी0 आफिसर को इस निर्देश के साथ कि उक्त निविदा सूचना को नगर निगम, देहरादून की बैबसाइट में अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. नगर निगम, देहरादून सूचना पट पर चश्पा हेतु।

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी,
नगर निगम देहरादून।

दे0दून क्यु नं0 127

निविदा फार्म का मूल्य–रू0 5000+जी0एस0टी0

# नगर निगम, देहरादून।

## प्रपत्र (ख) वित्तीय निविदा का प्रारूप

नीचे लिखे कार्य के लिए मोहरबन्द लिफाफों में निविदा दिनांक 17.02.2020 की अपराह्न 3.00 बजे तक स्वास्थ्य अनुभाग, नगर निगम, देहरादून कार्यालय में जमा करने होंगे उसके उपरान्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**कार्य का नामः** नगर निगम देहरादून द्वारा नवगठित 40 वार्डो में स्ट्रीट लाईट लगाने तथा मरम्मत कार्य हेतु स्टॉफ लाईनमेंन, लाईट एवं सीढ़ी आदि वार्डो में पहुंचाने एवं लाने के लिए 07 बोलेरो यू0टी0ली0टी0 2 सीटर एवं रियर लोडिंग बॉडी गाड़ी को किराये पर लगाने हेतु।

| क्र.सं. | विवरण | प्रतिदिन का व्यय | एक माह का व्यय |
|---|---|---|---|
| 1. | बोलेरो यू0टी0ली0टी0 2 सीटर एवं रियर लोडिंग बॉडी गाड़ी (ड्राईवर, ईधन सहित) | | |
| 2. | बोलेरो यू0टी0ली0टी0 2 सीटर एवं रियर लोडिंग बॉडी गाड़ी (ड्राईवर, ईधन रहित) | | |

**हस्ताक्षर निविदादाता**

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी,
नगर निगम, देहरादून।

## प्रपत्र (क) तकनीकि निविदा का प्रारूप

**कार्यालय नगर निगम, देहरादून** 07 बोलेरो यू0टी0ली0टी0 2 सीटर एवं रियर लोडिंग बॉडी किराये पर लेने हेतु **वर्ष 2020**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | फर्म का नाम | |
| 2. | फर्म का पता | |
| 3. | फर्म का फोन/मोबाइल नं0 | |

## संलग्नक/प्रमाण पत्रों की छायाप्रति का विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 4. | फर्म का पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न है। | |
| 5. | फर्म का पैन नम्बर संलग्न है। | |
| 6. | फर्म की धरोहर राशि की एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 संलग्न है। | |
| 7. | फर्म की विगत 3 वर्षो की वैलेन्स सीट सीए द्वारा प्रमाणित | |
| 8. | फर्म का विगत 3 वर्षो का टर्न ओवर प्रतिवर्ष रू0 5 लाख से कम न हो | |
| 9. | जी0एस0टी0 पंजीकरण संख्या | |

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी,
नगर निगम, देहरादून।

निविदादाता के हस्ताक्षर

निविदा दाता का नाम..............................................
पता.........................................................................
मोहर .....................................................................
मोबाइल नम्बर.........................................................

# नगर निगम, देहरादून (स्वास्थ्य अनुभाग)

**नगर निगम देहरादून द्वारा नवगठित 40 वार्डो में स्ट्रीट लाईट लगाने तथा मरम्मत कार्य हेतु स्टॉफ लाईनमेंन, लाईट एवं सीड़ी आदि वार्डो में पहुंचाने एवं लाने के लिए 07 बोलेरो यू0टी0ली0टी0 2 सीटर एवं रियर लोडिंग बॉडी जैसी गाड़ी को किराये पर लगाने हेतु आमंत्रित निविदा की शर्ते।**

1. बोलेरो यू0टी0ली0टी0 व टाटा योद्धा 2 सीटर रियर लोडिंग बॉडी डीजल **वाहन मॉडल 2017**
2. वाहन का मेंक/मॉडल 2017 से नीचे का मान्य नहीं होगा तथा वाहन व चालक, हेल्पर इन्श्यूरेन्स होना अनिवार्य है।
3. वाहन का एवरेज 08 कि0मी0/प्रति लीटर से कम न हो।
4. किसी भी माह का भुगतान अगले माह में किया जायेगा।
5. वाहन स्वामी को रजिस्ट्रेशन, इन्श्योरन्स की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
6. भुगतान में किसी प्रकार की देरी के लिये कार्य बाधित नहीं किया जायेगा।
7. वाहन की मरम्मत, सर्विस, चालक आदि पर होने वाले व्यय वाहन स्वामी को वहन करना होगा।
8. वाहन स्वामी को ईंधन सहित व ईंधन रहित दोनों प्रकार के दर प्रस्तुत करने होगें।
9. किसी कारण वश वाहन में अचानक खराबी आ जाये तो उसके बदले दूसरा वाहन शीघ्र उपलब्ध कराना होगा तथा खराब वाहन को तत्काल ठीक कराना होगा, आशय यह है कि कार्य बाधित न हो, कार्य बाधित होने पर वाहन स्वामी की भुगतान में अनुपातिक कटौती के साथ–साथ उतनी ही राशि मरम्मत में की जा रही देरी/लापरवाही के लिये कटौती की जा सकती है।
10. वाहन स्वामी को वाहनों की ड्यूटी **(प्रातः 9:00 बजे से साँय 7:00 बजे तक)** के अतिरिक्त भी हो सकती हैं। जिसके लिये वाहन स्वामी को कोई आपत्ति नहीं होगी।
11. नगर आयुक्त महोदय ,नगर निगम के लिखित अनुमोदन के बिना ठेका मान्य नहीं होगा।
12. कार्य के लिये अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।
13. निविदा के साथ धरोहर के रूप में रू0 2,00,000/–की एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो वरिष्ठ वित्त अधिकारी, देहरादून के नाम प्लेज हो संलग्न करना अनिवार्य है बिना धरोहर के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
14. कार्य सम्बन्धी धरोहर की धनराशि कार्य समाप्त होने की तिथि के 06 माह बाद ठेकेदार को वापस की जायेगी।
15. वाहन का उपयोग का समय नगर निगम देहरादून द्वारा निर्धारित किया जायेगा, जिसमें अवकाश के दिवस में कार्य की अनिवार्यता को देखते हुये वाहन एवं वाहन चालक उपलब्ध रहेगा।
16. किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार निगम में निहित होगा।यह आवश्यक नहीं है कि न्यूनतम अथवा अन्य निविदा को स्वीकार ही किया जाये,गुण–दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति पर विचार किया जायेगा।
17. ट्रेवल्स् एजेन्सी देहरादून का सम्भागीय परिवहन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य होगा।
18. निविदादाता के द्वारा सी0ए0 से सत्यापित पच्चीस लाख प्रति वर्ष तक का टर्न ओवर होना आवश्यक है।
19. निविदादाता को प्रति माह में 26 दिन कार्य करना अनिवार्य है।

उपरोक्त कार्यवाही सुनिश्चित करते हुये विभाग द्वारा ठेकेदार की केवल एक बार ही सूचित किया जाना पर्याप्त होगा। ......................................

मैंने उपरोक्त नियमों एवं शर्तो का ध्यान पूर्वक अध्ययन कर लिया है यदि यह निविदा स्वीकृत होती है तो मै/हम उपरोक्त नियमों एवं शर्तो का पालन करते हुये, निर्धारित शर्तो के अनुसार वाहन उपलब्ध कराने के लिये सहमत हूँ/है। मैंने कार्य सम्बन्धी सभी विवरण देख लिये हैं व स्थल सहित समस्त जानकारी प्राप्त कर ली है।

हस्ताक्षर ठेकेदार........................................

नाम..................................................

पता..................................................

मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, देहरादून।